सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांक: 631 / सो.आ.नि.–312 / 2019
दिनाँक: 12 सितम्बर, 2019

प्रेषक,

निदेशक
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषय: **विकास खण्ड स्तर पर संविदा पर इंगेज ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर की परफारमेन्स एवं उपस्थिति भेजने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

संज्ञान में आया है कि विकास खण्ड स्तर पर संविदा पर इंगेज ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की परफारमेन्स एवं उपस्थिति (पे–रोल) सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है, जबकि खण्ड विकास अधिकारी मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की कार्यदायी संस्था हैं। 'सोशल आडिट' एक स्वतंत्र इकाई है। खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की परफारमेन्स एवं उपस्थिति (पे–रोल) भेजने से सोशल आडिट की निष्पक्षता प्रभावित होती है।

अतः अनुरोध है कि कृपया ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की परफारमेन्स एवं उपस्थिति (पे–रोल) खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से न मँगाकर जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के माध्यम से मँगाकर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि सोशल आडिट की निष्पक्षता प्रभावित न हो।

भवदीया,

12/9/19

(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।

Rks/desktop/gen letters